तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
9/12/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। विपक्षी भूमिधारी तहसीलदार डूंगला से रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। हाजिर जवाब दिनांक 8.1.26 को पेश हो।	
8.1.26	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। विपक्षी भूमिधारी तहसीलदार डूंगला ने अपने पत्र क्रमांक (राजस्व) 2026/18 दिनांक 6.1.2026 के द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर अवगत कराया गया कि ग्राम बेजासों का खेड़ा पटवार मण्डल ईडर में प्रार्थी की खातेदारी अराजी नम्बर 1800/5 रकबा 0.2160 है० भूमि स्थित है जिस पर आवागमन हेतु ग्राम बेजासों का खेड़ा पटवार मण्डल ईडर की बिलानाम अराजी नम्बर 5 रकबा 0.0432 है० भूमि में कर रखे है। तथा प्रार्थी को आवागमन करने हेतु इस अराजी में से 9x8 = 72 वर्गमीटर भूमि रास्ता के उपयोग में आने से खातेदार प्रार्थी की खातेदारी अराजी नम्बर के पूर्व दिशा की तरफ नवीन रास्ता हेतु प्रस्तावित किया गया है। तथा प्रस्तावित रास्ता के उपयोग में आने वाली भूमि के एवजमान 72 वर्गमीटर भूमि की डीएलसी दर से दुगुनी राशि प्रार्थी आवेदक द्वारा राजकोष में जमा करा दी गई जरिये ई-चालान द्वारा चालान की प्रतियाँ संलग्न पत्रावली है। अतः तहसीलदार डूंगला की अनुशंसा पर एवं प्रार्थी द्वारा नियमानुसार राशि जमा करा दिया जाने से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) आर० सी० एक्ट स्वीकार किया जाता है। निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। निर्णय की प्रमाणित प्रतियाँ पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु तहसीलदार डूंगला को भेजी जावे। पत्रावली कैफियत शुमार घोषित नम्बर से अमल में।	

उपखण्ड अधिकारी
डूंगला
जिला-चित्तौड़गढ़

Signature Not Verified
Digitally signed by Ishwar Lal Khatik
Date: 2026.04.15 17:46:34 IST
Reason: SelfAttested
Scanned with OKEN Scanner